हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड,भिवानी

प्रैस नोट

No.-BSEH/07/Sec/2024 Date-27-11-2024

विषयः—राजकीय/अराजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों/गुरूकुल/विद्यापीठ परीक्षार्थियों के सै0/सी0सै0/पूर्व मध्यमा सह माध्यमिक/उत्तर मध्यमा सह वरिष्ठ माध्यमिक (शैक्षिक) वार्षिक परीक्षा फरवरी/मार्च—2025 हेतु ऑन—लाईन आवेदन की अन्तिम तिथि को बढ़ाने बारे।

उपरोक्त विषयांकित परीक्षाओं से संबंधित ऑन—लाईन आवेदन फार्म दिनांक 04.11.2024 से बोर्ड की आधिकारिक वैबसाईट www.bseh.org.in पर लाईव किए जा चुके है। बिना विलम्ब शुल्क सहित ऑन—लाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि दिनांक 27.11.2024 को बढ़ाते हुए ऑन—लाईन आवेदन स्वीकार करने की तिथियों व शुल्क का निर्धारण निम्न प्रकार से हैः—

बिना विलम्ब शुल्क आवेदन करने की तिथि	04.11.2024 से 03.12.2024
300/—रूपये विलम्ब शुल्क सहित	04.12.2024 से 09.12.2024
1000/—रूपये विलम्ब शुल्क सहित	10.12.2024 से 15.12.2024

उक्त परीक्षा हेतु शुल्क निर्धारण व अन्य नियम व शर्ते पूर्व यथावत् रहेंगी। ऑन—लाईन आवेदन करते समय किसी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु हैल्पलाईन नं0 01664—254300 पर सम्पर्क करें।

सचिव

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of Education Act, 1969)

प्रेषक,	प्रेषित,
सचिव हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी।	सभी प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक

क्रमांक 9681/सै0 दिनांकः–27.11.2024

विषयः–सै0/सी0सै0/पूर्व मध्यमा सह माध्यमिक/उत्तर मध्यमा सह वरिष्ठ माध्यमिक वार्षिक परीक्षा फरवरी/मार्च–2025 हेतु राजकीय/अराजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों तथा गुरूकुल/विद्यापीठ के परीक्षार्थियों के ऑन–लाईन परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि बढ़ाने बारे।

महोदय/महोदया,

विषयांकित मामले में आपको सूचित किया जाता है कि वार्षिक परीक्षा फरवरी/मार्च–2025 हेतु सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी/पूर्व मध्यमा सह माध्यमिक/उत्तर मध्यमा सह वरिष्ठ माध्यमिक कक्षा के सभी नियमित विद्यालयी/गुरूकुल/विद्यापीठ परीक्षार्थियों के बिना विलम्ब शुल्क सहित ऑन–लाईन आवेदन की अन्तिम तिथि दिनांक 04.11.2024 से 27.11.2024 को बढ़ाते हुए दिनांक 04.11.2024 से दिनांक 03.12.2024 तक निर्धारित किया जाता है तथा अब ऑन–लाईन आवेदन फार्म भरने के लिए शुल्क संरचना तिथियों सहित निम्न प्रकार से हैः–

1. सैकेण्डरी/पूर्व मध्यमा सह माध्यमिक कक्षा के परीक्षार्थियों हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क और समय सारणीः–

फीस संरचना	निर्धारित परीक्षा शुल्क	ऑनलाईन फार्म भरने की समय सारिणी
सामान्य फीस	950	04.11.2024 से 03.12.2024 तक
300/–रूपये विलम्ब शुल्क सहित	1250	04.12.2024 से 09.12.2024 तक
1000/–रूपये विलम्ब शुल्क सहित	1950	10.12.2024 से 15.12.2024 तक

नोटः–सैकेण्डरी परीक्षार्थियों के लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क 800/–रूपये, माइग्रेशन शुल्क 50/–रूपये तथा प्रति परीक्षार्थी प्रायोगिक शुल्क 100/–रूपये निर्धारित है। कुल परीक्षा शुल्क 950/–रूपये है।

2. सीनियर सैकेण्डरी/उत्तर मध्यमा सह वरिष्ठ माध्यमिक कक्षा के परीक्षार्थियों हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क और समय सारणीः–

फीस संरचना	निर्धारित परीक्षा शुल्क	ऑनलाईन फार्म भरने की समय सारिणी
सामान्य फीस	1050+100	04.11.2024 से 03.12.2024 तक
300/–रूपये विलम्ब शुल्क सहित	1350+100	04.12.2024 से 09.12.2024 तक
1000/–रूपये विलम्ब शुल्क सहित	2050+100	10.12.2024 से 15.12.2024 तक

नोटः–सीनियर सैकेण्डरी परीक्षार्थियों के लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क 950/–रूपये, माइग्रेशन शुल्क 100/–रूपये और प्रति परीक्षार्थी प्रायोगिक शुल्क 100/–रूपये है। कुल परीक्षा शुल्क 1150/–रूपये है। सीनियर सैकेण्डरी/उत्तर मध्यमा सह वरिष्ठ माध्यमिक कक्षा के नियमित परीक्षार्थियों के अतिरिक्त विषय (Additional) का शुल्क 200/–रूपये निर्धारित है।

उक्त परीक्षा हेतु शुल्क निर्धारण व अन्य नियम व शर्तें पूर्व यथावत् रहेंगी।

–हस्ता0–
सहायक सचिव (सै0)